Hindustan (Hindi) Page No. - 04 04/05/2019

04/05/2019

एयूडी में आवेदन की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली (प्र. सं.)। अंबेडकर विश्वविद्यालय (एयूडी) ने अपने स्नातक और परास्नातक के लिये ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। परास्नातक में 18 और स्नातक के 14 विषयों के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 जून है।

विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार्य किए जाएंगे। विश्वविद्यालय में 18 परास्नातक विषयों में कुल 618 सीटें हैं। 13 विषयों की पढ़ाई कश्मीरी गेट कैंपस में होती है, जबकि कर्मपुरा कैंपस में 3 विषय और लोधी रोड परिसर में 2 विषयों की पढ़ाई होती है।